# गांधी अध्ययन केन्द्र,
# जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

- राजस्थान सरकार के हरित राजस्थान नारे को सार्थक करने के उद्देश्य से गांधी अध्ययन केन्द्र द्वारा नया परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम 27.08.2020 को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. पी.सी. त्रिवेदी, माननीय कुलपति, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर ने किया।







- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150 वी जयन्ती वर्ष के उपलक्ष में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर में महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को पत्र प्रेषित कर निवेदन किया । जिस पर सकारात्मक कार्यवाही करते हुए कुलपति महोदय ने यह प्रस्ताव सिण्डीकेट के समक्ष रखा था। 5 सितम्बर 2020 को आयोजित सिण्डीकेट बैठक के प्रस्ताव पूर्ण बहुमत से पारित हुआ जिसके क्रम में जे.एन.वी.यू. के विकास विभागद्वारा 2020/2340 दि. 5.10.2020 को प्रतिमा स्थापित करने के आदेश जारी किये।

- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151वी जयन्ती की पूर्व संध्या पर एक राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन 01 अक्टूबर 2020 को किया गया। इस वेबिनार के माध्यम से गांधीवादी विचारधारा को युवा वर्ग एवं आमजन में प्रसारित किया गया। वेबीनार का शीर्षक ''आचार विचार के ज्योति पुंज महात्मा गांधी'' था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री भवरसिंह भाटी, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार एवं अध्यक्षता प्रो. पी.सी. त्रिवेदी, माननीय कुलपति जे.एन.वी.यू. ने की। मुख्य वक्ता प्रो. बी.एम.शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजस्थान लोक सेवा आयोग, प्रो. सतीश कुमार, राष्ट्रीय संयोजक, राजीव गांधी स्टडी सर्कल, डॉ. सुनील तिवारी, सहायक प्रोफेसर दिल्ली विश्वविद्यालय, ने महात्मा गांधी के जीवन, आदर्श–सत्य, अहिंसा, परोपकार, परिश्रम आदि के पहलुओ पर उदबोधन दिया। विशेष वक्ता प्रो. रूपसिंह बरहट पूर्व कुलपति एम.डी.एस. अजमेर विश्वविद्यालय एवं राजस्थान विश्वविद्यालय कि प्रो. विद्या जैन ने गांधी के विचारों पर प्रकाश डाला।







- महात्मा गांधी जयन्ती की पूर्व संध्या पर गांधी अध्ययन केन्द्र द्वारा 01.10.20202 को आयेजित वेबीनार के सफल आयोजन पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा सदेश पत्र प्राप्त हुआ।
- गांधी अध्ययन केन्द्र में महात्मा गांधी के दुर्लभ फोटो की गैलेरी विकसित करने हेतु उनके जीवन से जुडी फोटो उपल्बध करवाने हेतु निदेशक गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली को पत्र प्रेषित कर दुर्लभ तस्वीरो की Soft Copy प्राप्त की एवं फोटो गैलेरी विकसित की गई।
- 30 जनवरी 2021 महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित विषेष कार्यक्रम शहीद दिवस के अवसर पर जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर में "गांधी अध्ययन केन्द्र" के नवीनीकृत कार्यालय का उद्घाटन राजस्थान प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय श्री अशोक गहलोत साहब के कर कमलो द्वारा किया गया। जिसमें विशिष्ठ अतिथि श्री भवरसिंह जी भाटी माननीय उच्च शिक्षा मंत्री एवं श्री बी डी कल्ला माननीय कला एवं संस्कृति मंत्री, श्री सुखराम विश्नोई, माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री, श्री सुभाष गर्ग, माननीय तकनिकी शिक्षा मंत्री, श्रीमती मनीषा पंवार, विधायक जोधपुर शहर विधायक, श्री महेन्द्र विश्नोई, विधायक लूणी, की गरिमामय उपस्थिति एवं श्री किशनाराम विश्नोई, विधायक लोहावट एवं श्री राजेन्द्रसिंह सोलंकी पूर्व अध्यक्ष, जेडीए ने ऑनलाईन द्वारा कार्यक्रम से जुडे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. प्रवीन चन्द्र त्रिवेदी, कुलपति, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर ने की। कार्यक्रम में इन केन्द्रो को संक्षिप्त परिचय केन्द्र के निदेशक डॉ. हेमसिंह गहलोत ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री अशोक जी गहलोत ने वर्तमान समय में गांधी के सिंधान्तो एवं विचारो को युवा वर्ग में आवश्यक है, इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की राजस्थान के सभी विश्वविद्यालयो में गांधी अध्ययन केन्द्रो की स्थापना की जाएगी एवं राजकीय स्कूलो में गांधी कॉर्नर स्थापित किये जायेगे। इस कार्यक्रम में संभागीय अयुक्त डॉ. राजेश शर्मा, जोधपुर जिला कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह, समाज सेवी श्री जसवंत सिंह कच्छावाहा एवं विश्वविद्यालय की कुलसचिवा श्री चंचल वर्मा, सिंडिकेट सदस्य प्रो. शिशुपाल भादू, जे. एन.वी.यू. के शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. डूंगर सिंह खिची, प्रो. के एल श्रीवास्तव, प्रो. खरताराम, प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. शिवकुमार बरबर सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न डीन, डायरेक्टर, विभागाध्यक्ष, एवं शिक्षक उपस्थित रहे।









- इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय श्री अशोक जी गहलोत ने इस जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के गांधी अध्ययन केन्द्र के विकास हेतु मुख्यमंत्री कोष से 5 लाख रूपये देने की घोषणा की।
- माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा की गांधी अध्ययन केन्द्र जोधपुर हेतु आर्थिक सहायता की घोषणा राशि 5 लाख रूपये दि. 03.02.2021 को प्राप्त हो गई।
- दिनाक 12 मार्च 2021 को दांडी यात्रा की वर्षगांठ पर गांधी अध्ययन केन्द्र द्वारा महात्मा गांधी के जीवन से जुडे दुर्लभ चित्रो की फोटो प्रदर्शनी का कार्यक्रम 12–15 मार्च 2021 को आयोजित किया गया था।

- दिनांक 11 सितम्बर, 2021 को गांधी अध्ययन केन्द, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा ''राष्ट्रीय वन शहीद दिवस'' के अवसर पर खेजडली में मॉ अमृता देवी के नेतृत्व में बलिदान हुए शहीदो को सम्मान देने हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।





- **गांधी जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन** :— जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के गांधी अध्ययन केन्द्र में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय वर्तमान समय में गांधी दर्शन की प्रासंगिकता था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी थे एवं विशिष्ट अतिथि गांधीवादी विचारक श्री रमेश बोराणा थे।



